गुरुवार
23 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



दो मार्च तक चलेगा मॉप अप राउंड, छूटे हुए लाभुकों को खिलाई जाएगी दवा 2

## खबरें फटाफट

### कवि कुमार विश्वास ने आरएसएस को बताया अनपढ़

**उज्जैन।** उज्जैन में रामकथा करने पहुंचे कवि कुमार विश्वास ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस को अनपढ़ और वामपंथियों को कुपढ़ कहा है। कुमार विश्वास ने बजट पर बात करते-करते यह बात कही। उनकी बात सुनकर सभा में मौजूद लोग हंस दिए और तालियां बजाईं। इस दौरान मध्य प्रदेश के मंत्री मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन सहित महापौर मुकेश टटवाल मौजूद थे। बयान पर विवाद बढ़ने के बाद कुमार विश्वास ने माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपकी इस सामान्य बुद्धि में अगर ये प्रसंग किसी और तरीके से चला गया है तो उसके लिए मुझे माफ करें।

### 28 को पेश होगा बिहार का बजट

**पटना।** बिहार में 27 फरवरी से बजट सत्र की शुरूआत हो रही है। सदन में 28 फरवरी को राज्य सरकार बजट पेश करेगी। बुधवार को विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी और विधान परिषद के उपसभापति के नेतृत्व में हाई लेवल मीटिंग की गई। इस दौरान डीजीपी से लेकर कई अधिकारी शामिल रहे। बजट सत्र को लेकर तमाम चीजों पर जानकारी ली गई। बजट सत्र में प्रश्न उत्तर को लेकर हर तरह की व्यवस्था रहेगी। इसे लेकर वित्त मंत्री विजय चौधरी ने तमाम निर्देश दिए हैं।

### आप की शैली ओबेरॉय चुनी गई दिल्ली की मेयर

**नई दिल्ली।** मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने जीत दर्ज की है। वहीं, उप मेयर पद पर भी आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी आले मोहम्मद इकबाल को जीत मिली है। मेयर पद के लिए हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शैली ओबेरॉय को 150 और भाजपा की उम्मीदवार रेखा गुप्ता को 116 वोट मिले। शैली ओबेरॉय की जीत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत आप नेताओं ने बधाई देते हुए भाजपा पर हमला बोला है। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, गुंडे हार गये, जनता जीत गयी।

## योगी सरकार ने सदन में पेश किया 6.90 लाख करोड़ का बजट, 17000 किसान पाठशालाएं खोली जाएंगी

# उत्तर प्रदेश में खुलेंगे 14 नये मेडिकल कॉलेज

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बुधवार को सदन में बजट पेश किया। ये योगी सरकार 2.0 का दूसरा बजट है। योगी सरकार ने 2023-24 के लिए कुल 690242.43 करोड़ का बजट पेश किया। बजट में 32721.96 करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। देश में अगले साल लोकसभा चुनाव है। ऐसे में इसे राजनीतिक तौर पर भी काफी अहम बजट माना जा रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 2023-24 में बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर के लिए 550 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा छात्रों को टैबलेट-स्मार्टफोन के लिए 3600 करोड़, पुलिस विभाग में आवासीय सुविधा के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वाराणसी-गोरखपुर में मेट्रो के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आवारा पशुओं की समस्या को खत्म करने के लिए 750 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 17000 किसान पाठशालाएं खोली जाएंगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, उत्तर प्रदेश 24 करोड़ की देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है हमारा प्रदेश न केवल भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है अपितु गंगा के उपजाऊ मैदानों के किनारे प्रदेश में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन विद्यमान हैं। देश की जीडीपी में प्रदेश का योगदान 08 प्रतिशत से अधिक का है। उन्होंने कहा प्रदेश में 14 नये मेडिकल कालेजों की स्थापना एवं संचालन हेतु 2491 करोड़ 39 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है।

प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना एवं विकास हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वृद्ध और दिव्यांग भी योगी सरकार की प्राथमिकता में हैं और इसकी झलक बजट में भी देखने को मिली। बजट घोषणा में योगी सरकार ने वृद्धावस्था / किसान पेंशन योजना के अंतर्गत 7240 करोड़ रुपए के खर्च का प्राविधान किया है। वहीं दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान के लिए 1120 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के लिए 42 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है।



- बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर के लिए 550 करोड़ रुपए का प्रावधान
- छात्रों को टैबलेट-स्मार्टफोन के लिए 3600 करोड़ का प्रावधान
- पुलिस विभाग में आवासीय सुविधा के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान
- प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना एवं विकास हेतु 25 करोड़ की व्यवस्था
- वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल के लिए 100 करोड़ रुपये

### छुट्टा गोवंश के रख रखाव पर होंगे 750 करोड़ खर्च

बुंदेलखंड में निराश्रित गोवंश की समस्या के निराकरण के लिए बुंदेलखंड के हर जिले में 5-5 गो-आश्रय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। वहीं छुट्टा गोवंश के रख-रखाव के लिए 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बड़े गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए 120 करोड़ रुपये अलाट किए गए हैं। पशु रोग नियंत्रण के लिए 116 करोड़ 52 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है।

**राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 103 करोड़:** आमजन को सहज और सरल ढंग से न्याय दिलाने के लिए भी योगी सरकार कृत संकल्पित है। इस दिशा में योगी सरकार ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इस पर 103 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए 300 करोड़:** 300 करोड़ रु. से मेरठ में मेजर ध्यान चन्द्र खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

### प्रदेश में रेल और रोप वे के लिए 2500 करोड़ होंगे खर्च

प्रदेश के चार महानगरों में मेट्रो रेल सेवा को विकसित करने के लिए ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का प्रावधान किया गया है। वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 585 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 465 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के लिए 1306 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है।

**किसानों पर विशेष ध्यान:** किसानों पर बजट में खास ध्यान दिया गया है। नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना हेतु 831 करोड 93 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना पर 113 करोड़ 52 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। किसानों के लिए निजी नलकूपों को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 1950 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु 984 करोड़ 54 लाख रुपए खर्च किए जाने का ऐलान किया गया है। नेशनल क्रॉप इन्श्योरेन्स के लिए 753 करोड 70 लाख रुपए तो यूपी मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम पर 55 करोड़ 60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रदेश के 4 कृषि विश्वविद्यालयों में एग्रीटेक स्टार्टअप योजना के लिए भी 20 करोड़ रुपए की व्यवस्था को स्वीकृति मिली है। कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रोद्योगिक विवि की शुरूआत होगी।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 20 हजार करोड़ का प्रावधान

योगी सरकार ने बजट में प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा है। उनकी सेहत सुधारने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की योजना को और रफ्तार देने के लिए 14 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना एवं संचालन के लिए 2491 करोड़ 39 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। मालूम हो कि प्रदेश के 45 जिलों में मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं जबकि 14 जनपदों में मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन हैं। 16 जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना पीपीपी मॉडल पर की जा रही है। इसके अलावा असाध्य रोगों के इलाज के लिए 100 करोड़ आवंटित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेण्ट की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए 26 करोड़ दिये गये हैं। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के तहत 14 मण्डलीय कार्यालयों तथा प्रयोगशालाओं के भवन निर्माण, मशीनों तथा उपकरणों के लिये 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हेल्थ वेलनेस सेन्टर, क्रिटिकल केयर यूनिट, शहरों में इन्ट्रीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना, नेशनल सेन्टर फॉर डिजीजेज कन्ट्रोल के सुदृढ़ीकरण, हेल्थ इंफॉरमेशन के विस्तार के लिए पोर्टल की स्थापना, इमजरजेंसी आपरेशन सेन्टर एवं मोबाइल यूनिट हॉस्पिटल की स्थापना आदि कार्यों के लिए 1,547 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है।

### महाकुंभ के आयोजन पर 2500 करोड़ खर्चेगी सरकार

महाकुंभ के लिए ढाई हजार करोड़ प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ मेला को अबतक का सबसे भव्य आयोजन बनाने के लिए योगी सरकार ने इसबार बजट में भारी भरकम पैकेज का ऐलान किया है। महाकुंभ के आयोजन के लिए बीते साल के बजट 2022-23 में जहां में 621.55 करोड़ रुपये प्रस्तावित किये गये थे, वहीं इसके सापेक्ष इस बार बजट में योगी सरकार ने 2500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

**पेयजल और सीवरेज के लिए 56 सौ करोड़ से ज्यादा:** योगी सरकार ने अमृत 2.0 के अन्तर्गत पेयजल, सीवरेज तथा वाटर बाडीज के लिए जहां वर्ष 2022-23 में 2000 करोड़ रुपये के बजट का ऐलान किया था, वहीं इस साल 5616 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत शौचालय, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, यूज्ड वाटर मैनेजमेंट के लिए 2707.86 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

**पर्यटन में 20 हजार नौकरियों का लक्ष्य**

नई उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत अगले 05 वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश एवं 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1,53,728 अभ्यर्थियों को चयनित किया जा चुका है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रदेश सरकार द्वारा अब तक राजकीय विद्यालयों में 6,314 सहायक अध्यापक 1,890 प्रवक्ता एवं 80 प्रधानाचार्यों का चयन किया गया है। सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,249 सहायक अध्यापक 5,226 प्रवक्ता एवं 849 प्रधानाचार्यों चयन कर नियुक्त किया गया। वहीं **खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़** के बजट को मंजूरी दी गई है।

## महागठबंधन सरकार में नीतीश की स्थिति बहुत खराबः कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को उपेंद्र कुशवाहा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। महागठबंधन सरकार में उनकी नहीं चल रही। जब यह सरकार बनी थी तब ही तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की डील हुई थी। कहा कि मंगलवार को आरजेडी विधायक विजय मंडल ने खुद कहा कि मार्च 2023 में तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे। मैं यह पहले ही बोल चुका हूं कि तेजस्वी को सीएम बनाने की डील हुई है।

कहा कि मंगलवार को हुए एक सरकारी कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव डेढ़ या दो घंटा देरी से आए। नीतीश को इंतजार करा रहे थे। नीतीश ने बयान दिया था कि तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन 2025 की बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगा। कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी विरासत बचाओ नमन यात्रा निकालेगी। बिहार के विभिन्न जिलों में महापुरुषों की धरती पर जाएंगे और, श्रद्धांजलि देंगे। 28 फरवरी को भितिहरवा (पश्चिम चंपारण) से यात्रा शुरू होगी। छह मार्च को यात्रा सिवान में समाप्त होगी।

## तेजस्वी यादव ने अभिनेत्री नीतू चंद्रा के साथ खेला बैडमिंटन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का खेल जगत से पुराना नाता है। वह एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं। यही वजह है कि वो हमेशा खेल से जुड़े रहते हैं। बुधवार को उन्होंने ट्विटर हैंडल पर बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू चंद्रा के साथ बैडमिंटन का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो शेयर के साथ उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि जीवन में खेल के महत्व को कम नहीं माना जा सकता है। खेल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारा व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण व नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है। उपमुख्यमंत्री ने लिखा कि बिहार की बेटी बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा के साथ बैडमिंटन खेला। जिस मुकाम पर नीतू हैं आज बिहार उन पर गर्व कर रहा है। इसी तरह बिहार के अन्य युवा अपना भविष्य बना सके, इसके लिए बिहार में विभिन्न योजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के ट्वीट पर जवाब देते हुए लिखा कि 'बिहार का भविष्य आपके हाथों में है।




## फेसबुक पेज पर तेज प्रताप ने सपने किया का जिक्र, लिखा-नेताजी के साथ साइकिल पर घूमा सैफई शहर

# मंत्री तेज प्रताप के सपने में आए मुलायम सिंह यादव

**केटी न्यूज/पटना**

लालू के बड़े लाल तेज प्रताप यादव हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। अपने सपने की बातों को तेज प्रताप यादव कई दफे मीडिया के सामने रख चुके हैं। मंगलवार की रात ही उन्होंने एक सपना देखा जिसका जिक्र सुर्खियां बना। मंत्री तेजप्रताप ने कहा कि मैं सुबह सो रहा था तब एक सपना देखा जिसमें मैंने पिता तुल्य स्वर्गीय मुलायम सिंह को देखा। उन्होंने कहा कि मैं वृंदावन की तरफ जा रहा था। मुझे रास्ते में सैफई गांव मिला तो मैं वहां चला गया। मैंने एक अद्भुत नजारा देखा जिसमें मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। उन्होंने अपने सपने की पूरी व्याख्या अपनी फेसबुक पोस्ट में की।



उन्होंने सपने की पूरी कहानी लिखते हुए कहा मैंने देखा कि नेता जी कुछ लोगों के साथ बैठे हुए थे। मुझे देख कर वो चौंक गए और बोले अरे आप यहां कैसे। उसके बाद मैंने उन्हें प्रणाम किया और कहा कि मैं वृंदावन जा रहा हूं तो सोचा आपके गांव भी होता चलूं। फिर नेता जी कहते हैं कि चलो आज आपको सैफई घुमाता हूं। आगे तेजप्रताप कहते हैं कि मैंने नेताजी को कहा कि आज सैफई साइकिल से घुमा जाए तो उन्होंने साइकिल मंगवाई और सभी को बोला कि आज तेज प्रताप जी के साथ गांव साइकिल से घूमने चलेंगे।

नेताजी और मैं दोनों साइकिल से चल दिए। गांव की सैर पर कुछ दूर तक मैं गया तो एक पुल टूटा फूटा था। वहां एक औरत मिली, उसने पूछा नेता जी कहां जा रहे हैं तो नेताजी बोले में एक शादी समारोह में जा रहा हूं। महिला ने पूछा यह कौन है, आपके साथ तो नेता जी बोले यह तेज प्रताप जी हैं बिहार से आए हैं। नेताजी के साथ शादी समारोह वहां के लोग मुझे देखकर चौंक गए।

**कहां चले गए हमसब को छोड़कर...**

आगे कहा कि नेता जी थोड़ी देर बाद मेरे कमरे में आए जहां मैं बैठा था और फिर वह भी बैठे। तेजप्रताप लिखते हैं कि इस दौरान उन्होंने मुलायम सिंह से बहुत सारी बातें की। इसके बाद नेताजी ने उनको घड़ी भेट की। घड़ी लेने के बाद मैं उनके कदमों में गिर गया और भावुक होकर रोने लगा। नेता जी ने मुझे पकड़ा और बोले कि तुमको बहुत ऊंचाई तक जाना है। उन्होंने बताया कि रोते समय मैंने बोला कि आप हम सभी को अकेला छोड़कर क्यों चले गए? उन्होंने कहा मैं गया कहां हूं। मैं तुम ही लोगों के बीच में हूं।

## खबरें फटाफट

### अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर 2 से बुधवार की सुबह एक अधेड़ शख्स का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि उसकी उम्र करीब 55 साल आंकी जा रही है। बीमारी के कारण मौत होने की बात कही जा रही है। व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना पर टाउन थाना पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस शव की पहचान मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार अधेड़ व्यक्ति की मौत बीमारी के कारण होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### स्कार्पियो ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव के पास बुधवार की शाम स्कार्पियो ने साइकिल सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी चुहलन प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र राहुल प्रसाद है। परिजनों ने बताया कि वह बुधवार की शाम साइकिल से बेलचा खरीदने कोईलवर जा रहा था। उसी दौरान धनडीहा गांव के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। उससे वह साइकिल से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि की युवक स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# एमडीएम: दो मार्च तक चलेगा मॉप अप राउंड, छूटे हुए लाभुकों को खिलाई जाएगी दवा

- 62 प्रतिशत लाभुकों को खिलाई जा चुकी है फाइलेरिया रोधी दवाएं
- निश्चिंत होकर खाएं फाइलेरिया रोधी दवा, दवा से नहीं होता कोई नुकसान

केटी न्यूज/छपरा

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इस क्रम में जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को डोर-टू-डोर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। सारण जिले में बुधवार तक 62 प्रतिशत लाभुकों को सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) के तहत दवा खिलाई जा चुकी है। ऐसे में जिले के सभी योग्य लाभुकों को दवा खिलाने के लिए राज्य के फाइलेरिया विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत छूटे हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराने के लिए मॉप अप राउंड चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने एमडीए अभियान की समाप्ति के बाद आगामी दो मार्च तक मॉप अप राउंड चलाने का निर्देश दिया है। जिसमें किसी कारणवश छूटे व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने की बात कही गई है। जिसमें पूर्व की भांति ही छूटे हुए व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी व अल्बेंडाजोल की गोली स्वास्थ्य कर्मियों के सामने खिलाई जाएगी।



**लाभुकों को उम्र और लंबाई के हिसाब से कराया जा रहा दवाओं का सेवन :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया, एक भी व्यक्ति दवा खाने से वंचित न रह जाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पूरी ताकत झोंक दी है। एमडीएम कार्यक्रम में लाभुकों को उम्र और लंबाई के हिसाब से दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। जिसमें से 5 साल तक के बच्चों को 100 मिलीग्राम की डीईसी एवं 400 मिलीग्राम की अल्बेंडाजोल की एक-एक गोली, 6 से 14 साल तक के किशोरों को डीईसी की दो एवं अलबेंडाजोल की एक गोली एवं 15 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को डीईसी की तीन गोलियां एवं अलबेंडाजोल की एक गोली खिलायी जा रही है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक पीड़ादायक बीमारी है, जो मनुष्य को अपंग बना देती है। फाइलेरिया के लक्षण उभरने में 08 से 10 साल लगते हैं। जिससे समय रहते इसका बचाव नहीं हो पाता है। इस बीमारी का कोई उपचार नहीं है। इससे बचने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाएं जरूर खाएं।

### निश्चिंत होकर खाएं फाइलेरिया रोधी दवा

फाइलेरिया की दवा खाने से अगर आपको पेट दर्द, उल्टी, मितली, चक्कर आना, चकत्ते पड़ना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्या होती है, तो आप घबरायें नहीं बल्कि यह फाइलेरिया होने का सबूत है। इसकी दवा आपके शरीर में फैले संक्रमण को पूरी तरह खत्म कर रही है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग निश्चिंत होकर फाइलेरिया रोधी दवा खाएं। इस दवा से कोई नुकसान नहीं होता है। इस दवा से परेशानी सिर्फ उन्हीं को होती है, जिनके भीतर फाइलेरिया के वाहक माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हैं और दवा के असर से उनका खात्मा होने लगता। ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर सीएचसी-पीएचसी पर रैपिड रिस्पांस टीम बनी हुई है जो फौरन मदद कर रही। सामान्य व्यक्तियों को इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

### ये सावधानी जरूरी

- भूखे पेट दवा नहीं खिलानी है
- किसी के बदले किसी अन्य को दवा ना दें और स्वास्थ्य कर्मी के सामने दवा खाएं
- गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलानी है
- 02 वर्ष छोटे बच्चे को दवा नहीं खिलानी है
- गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को भी दवा नहीं खिलानी है।

## भोजपुर में छेना बेचने पैदल आरा जा रहे छात्र को रौंदते भाग निकला बेलगाम ट्रैक्टर

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मैट्रिक के छात्र की मौत, मचा कोहराम

- हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर भाग निकला चालक, पहचान में जुटी पुलिस
- हादसों पर नकेल कसने और परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की उठी मांग

केटी न्यूज/आरा

जिला मुख्यालय से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव स्थित रामजी बाबा के मठिया के समीप बुधवार की सुबह बेलगाम ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे एक छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी। आरा सदर अस्पताल ले जाने पर छात्र को मृत घोषित कर दिया गया।

मृत छात्र हसनपुरा गांव निवासी गोरख यादव का 18 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार था। वह मैट्रिक का परीक्षार्थी था और मंगलवार को उसकी परीक्षा समाप्त हुई थी। घटना को लेकर लोगों में अफरा-तफरी मची रही। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। इधर, छात्र के चचेरे भाई कृष्णा यादव ने बताया कि अमरजीत बुधवार की सुबह छेना बेचने के लिए अपने गांव से पैदल ही आरा लख पर जा रहा था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे पीछे से रौंदते निकल गया। उसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस पहुंची। उसके बाद इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



पोस्टमार्टम के लिए शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन

**फरार्टे भर रहे ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर से हो रहे हादसा :** हसनपुरा पंचायत के मुखिया बहादुर सिंह का कहना है कि जिस जगह पर दुर्घटना हुई है, वहां आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैं। हसनपुरा गांव निवासी छात्र अमरजीत अपने घर से छेना बेचने के लिए बाजार जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बालू ओवरलोडेड ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने प्रशासन से दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने का मांग भी किया है।

### पांच भाइयों में चौथे स्थान पर था अमरजीत



इधर, सड़क हादसे में छात्र की मौत से घर में कोहराम मचा है। छात्र के परिजन बेहाल थे। बताया जा रहा है कि छात्र अपने पांच भाइयों में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लखिया देवी, चार भाई संतोष कुमार, भोला कुमार, साहेब कुमार और अभिषेक कुमार है। बेटे के वियोग में मां का रो-रोकर बुरा हाल था।

### बाइक व साइकिल की सीधी भिड़ंत में बाप-बेटा समेत तीन जख्मी

**आरा।** आरा-बक्सर हाईवे पर शाहपुर थाना क्षेत्र के शोभी टोला के समीप बुधवार की शाम बाइक व साइकिल की सीधी भिड़ंत हो गयी। उसमें बाइक और साइकिल सवार बाप-बेटे सहित तीन लोग जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर गांव निवासी आजाद खान, उनका 25 वर्षीय पुत्र आसिफ खान और शाहपुर वार्ड नंबर 2 निवासी साइकिल सवार चंद्रशेखर पासवान शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर पासवान खेत से घास लेकर अपने घर लौट रहा था। वहीं आजाद खान और आसिफ खान बाइक से कारीसाथ गांव से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच शोभी टोला और शाहपुर गांव के बीच दोनों की सीधी भिड़ंत हो गई।

## एक नजर

### जनसहभागिता रैली के तीसरे दिन आठ हजार आमजनों से स्थापित किया गया संपर्क



**आरा।** बिहार पुलिस दिवस अवसर पर आमजनों को और करीब लाने के लिए जन सहभागिता अभियान लगातार जारी रहा। पुलिस सप्ताह के तीसरे दिन छह सौ पुलिस कर्मियों द्वारा आठ हजार पब्लिक से संपर्क स्थापित किया गया। पब्लिक को जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। पुलिस द्वारा डायल 112 एवं साइबर हेल्प लाइन सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। कहा गया कि किसी भी तरह की इमरजेंसी हो, तो 112 पर डायल करें। मदद के लिए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच जायेगी। आपराधिक वारदात हो, आगजनी हो या किसी भी तरह का हादसा हो। डायल 112 पुलिस 24 घंटे सेवा के लिए उपलब्ध रहती है। बस आपके एक कॉल की जरूरत है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस सप्ताह के तीसरे दिन लगातार जन सहभागिता का कार्यक्रम जारी है। इसके तहत बुधवार को भोजपुर से लगभग 600 पुलिसकर्मी जन सहभागिता में शामिल हुये। 8000 से ज्यादा लोगों से संपर्क किया गया। यह जन सहभागिता कार्यक्रम पुलिस को लोगों के करीब लाने के लिए लगातार जारी रहेगा। बताते चलें दें कि इस बार का बिहार पुलिस दिवस आमजनों के समर्पित है। उसे लेकर जन सहभागिता बाइक रैली निकाली जा रही है। सोमवार को पुलिस लाइन में एसपी की ओर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया था। पुलिस टीम 26 फरवरी तक गांव कस्बों में घूम-घूमकर आमजन से संवाद स्थापित करेगी। शिकायतों को सुनेगी और सुझाव लेगी। इस क्रम में हर थाने के पुलिस कर्मी रोज अपने इलाके के गांव और टोलों में पहुंच लोगों से संपर्क स्थापित कर रही है। बैठक और नुक्कड़ सभा के माध्यम के जरिए हर पहलू पर लोगों का सुझाव लिया जा रहा है और जागरूक किया जा रहा है।

### स्कूल में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस



**जहानाबाद।** कायनात इंटरनेशनल स्कूल, कायनात नगर, काको, जहानाबाद, बिहार में विश्व विचार दिवस मनाया गया लेफ्टिनेंट-जनरल रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बैडेन-पॉवेल, लेखक, विश्वव्यापी स्काउट आंदोलन के संस्थापक और पहले मुख्य स्काउट को उनके जन्म दिवस 22 फरवरी को श्रद्धांजलि देने के लिए ₹हमारी दुनिया, हमारा शांतिपूर्ण भविष्य₹ विषय पर 22 फरवरी को विश्व विचार दिवस मनाया गया जाता है। शकील अहमद काकवी, संस्थापक, कायनात इंटरनेशनल स्कूल ने कहा कि दुनिया भर के 150 देशों में 10 मिलियन से अधिक गर्ल गाइड और स्काउट्स विश्व चिंतन दिवस 22 फरवरी को जश्न मनाते हैं। दोस्ती, भाईचारा, लड़कियों और युवा महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने और इस दिन सशक्तिकरण के लिए मनाया जाता है। इस दिन का प्राथमिक लक्ष्य सभी महिलाओं और लड़कियों को स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। कायनात इंटरनेशनल स्कूल की स्काउट्स एंड गाइड्स यूनिट ने "अपने गांव को शिक्षित कर - देश को शिक्षित करें" पर चर्चा करने के लिए एक ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन अमृत सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र को शिक्षित करने के लिए गांव को शिक्षित करने की शपथ के साथ हुआ।

### जेसीबी की चपेट में आने से युवक की मौत



**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र सासाराम के पुरानी जीटी रोड पर बुधवार शाम सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं कि पुरानी जीटी रोड पर उलटे दिशा से जा रहे जेसेबी की चपेट में बाइक सवार आ गए। जिससे मौके पर एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां घायल को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरी निवासी आकाश कुमार 20 साल के रूप में की गई है, वहीं घायल अमरी टोला निवासी अनीष कुमार 19 साल बताया जाता है। बताते हैं कि दोनों युवक इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे और बिजली का सामान लाने के लिए बाइक से सासाराम जा रहे थे। इस क्रम में यामाहा शोरूम के समीप दोनों युवक जेसीबी की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही अमरी गांव में कोहराम मच गया। बताते हैं कि मृतक आकाश कुमार अपनी विधवा मां रचना देवी का एकमात्र सहारा था। बेटे की मौत से रचना देवी पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। जबकि घायल अनीष कुमार के भी पिता नहीं है और वह अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य है। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना में एक की मौत हुई है जबकि दूसरा घायल है। घटना में शामिल जेसीबी को जब्त कर लिया गया है, जबकि चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया है। बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित ऑटो और बाइक की टक्कर में आधा दर्जन जख्मी

**आरा।** आरा-सिन्हा रोड पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरैया और पिपरा गांव के बीच एक ऑटो होकर पलट गया। उसमें ऑटो पर सवार आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घायलों में दो का इलाज आरा सदर अस्पताल, जबकि चार अन्य का इलाज किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। सदर अस्पताल पहुंचने वाले घायलों में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया निवासी लक्ष्मण साह 28 वर्षीय पुत्र गणेश साह और गुंडी गांव निवासी बिहारी शर्मा की 40 वषीर्या पत्नी मालती देवी शामिल हैं।

गणेश साह ने बताया कि सभी लोग बुधवार की सुबह ऑटो पर सवार होकर आरा से सरैया गांव जा रहे थे। उसी दौरान गरैया और पिपरा गांव के बीच ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।इधर, खवासपुर के कचहरी टोला स्थित पुल के समीप बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक खवासपुर कचहरी टोला निवासी किशुन पंडित का पुत्र हरेन्द्र पंडित है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वह बुधवार की सुबह? बाइक से खेत पटाने के लिए जा रहा था। उसी दौरान गांव के ही कचहरी टोला स्थित पुल के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# पर्यटन स्थलों का विकास कर रही राज्य सरकार

- वाणावर पहाड़ पर डिप्टी सीएम ने यात्री निवास का किया उद्घाटन

केटी न्यूज/जहानाबाद

बुधवार के दिन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री तेजस्वी यादव जिले के ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ पहुंचे। जहां उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग ने नवनिर्मित यात्री निवास का रिबन काटकर उद्घाटन किया। सर्वप्रथम पहाड़ी इलाका के हथियाबोर में पहुंचे डिप्टी सीएम ने रोपवे निर्माण की जानकारी ली। जहां उन्होंने दूरबीन के सहारे पहाड़ के हसीन वादियों का लुफ्त उठाया।

मौके पर डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारी सरकार पर्यटन स्थलों का विकास कर रही है। वाणावर पहाड़ का भी विकास किया जाएगा और इसे वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी। डिप्टी सीएम ने जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के सचिव के साथ



समीक्षात्मक बैठक भी किया। उन्होंने कहा कि वाणावर के इर्द-गिर्द जैसे गया, राजगीर, नालंदा, बिहार शरीफ के पर्यटन स्थलों को वाणावर पहाड़ से बेहतर कनेक्टिविटी की जाएगी। साथ ही, यहां इस तरह का व्यवस्था किया जाएगा के पर्यटक दो-चार दिन यहां रुक कर यहां का आनंद उठा सके। उन्होंने कहा कि पटना और बोधगया के बीच यह विदेशी पर्यटकों के लिए विश्राम का सबसे बेहतर जगह हो सकता है। इस पर भी काम किया जाएगा, सीएम बनने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा हमारे सर्वमान्य नेता लालू प्रसाद एवं नीतीश कुमार है। उनका जो भी निर्णय होगा हम सभी को स्वीकार होगा।

वहीं डिप्टी सीएम ने पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पर चुटकी लेते हुए कहा कि हर कोई अपने पुत्र को अपने से बड़ा देखना चाहता है। तो मांझी जी अपने पुत्र को सीएम बनाने की मांग कर रहे हैं। तो क्या गलत है। साथ ही, उन्होंने विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने की बात कही। कार्यक्रम में जहानाबाद सांसद चन्देश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विधायक सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव तरूण कमल, जिला अधिकारी रिची पांडे, एसपी दीपक रंजन, राजद नेत्री शाहीन तारिक, पूर्व जीप अध्यक्ष आभा रानी, सारिक फतह समेत कई अधिकारी एवं नेता मौजूद थे।

## सासाराम प्रखण्ड प्रमुख व उनके पुत्र टीबी मरीजों को लेंगे गोद

# निक्षय मित्र बनकर टीबी पीड़ित मरीजों को पोषण आहार देंगी कौशल्या देवी

- जिले में टीबी उन्मूलन अभियान का हिस्सा बनेंगे मां-बेटे, लोगों को करेंगे जागरूक

केटी न्यूज/सासाराम

देश में 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए हर स्तर से कार्य किए जा रहे हैं वहीं देश में टीबी से पीड़ित मरीज को आर्थिक सहयोग पहुंचाने के लिए निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए भी अपील की जा रही है। ताकि टीबी से ग्रसित मरीजों के बेहतर पोषण के लिए सहायता राशि उपलब्ध हो सके।

इधर रोहतास जिले में भी टीबी से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहयोग पहुंचाने को लेकर निक्षय मित्र आगे आ रहे और टीबी मरीजों को गोद ले रहे हैं। सासाराम प्रखंड



प्रमुख कौशल्या देवी एवं उनके युवा पुत्र प्रकाश चंद्रवंशी ने भी टीबी मरीजो को गोद लेने की मंशा जताई है। इसके लिए सदर अस्पताल स्थित यक्ष्मा केंद्र के अधिकारियों से उन्होंने मुलाकात कर निक्षय मित्र बनने की प्रकिया की जानकारी ली। सासाराम प्रखण्ड प्रमुख कौशल्या देवी ने सासाराम प्रखंड को गोद लेने की बात की है जबकि उनके पुत्र प्रकाश चंद्रवंशी अपने पंचायत समरडीहा को गोद लेकर अपने पंचायत के टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार उपलब्ध करा कर टीबी उन्मूलन न अभियान का हिस्सा बनेंगे।

**निक्षय मित्र बनकर कर सकते हैं मदद**

जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रभारी सह सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि सामान्य नागरिक, एनजीओ, निजी कंपनी, जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद, सरकारी पेशा लोग या कोई भी व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर अपनी क्षमता अनुसार टीबी मरीजों को गोद लेकर कम से कम 6 महीने तक उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक मदद में पौष्टिक आहार के रूप में अनाज या जरूरतमंद लोगों के लिए छोटा व्यवसाय भी उपलब्ध करा सकते हैं। डॉ राकेश कुमार ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र से पूरी जानकारी ली जा सकती है।

### टीबी उन्मूलन में जनसहभागिता जरूरी

सासाराम प्रखण्ड प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि टीबी एक खतरनाक बीमारी है। लेकिन पीड़ित लोग कभी कभी सामाजिक भेदभाव की वजह से इस बीमारी को छुपा कर रखते हैं जो सही नहीं है। ऐसे में जरूरत है टीबी मरीजों के प्रति सहानुभूति रखना और इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए खुल कर सामने आना।

प्रखंड प्रमुख ने कहा कि टीबी के मरीजों में अधिकांशतः गरीब परिवार के लोग देखने को मिलते हैं। ऐसे में जरूरत है आर्थिक सहयोग पहुंचाना ताकि उन्हें उचित आहार मिल सके। टीबी के मरीजों को उचित आहार मिलेगा तभी उनके भीतर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी जो टीबी बीमारी से लड़ने में सहायक होगा। प्रखण्ड प्रमुख ने बताया कि निक्षय मित्र योजन की जानकारी मिलने पर उन्होंने टीबी के मरीजों की सहायता करने की सोची। इसीलिए वो निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन में सहयोग करेंगी। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की है कि अपने जिले के साथ साथ देश से टीबी को खत्म करने के लिए आगे आएं।

## खबरें फटाफट

### पति-पत्नी विवाद को सुलझाने में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** स्थानीय थाने में बुधवार को एक पति-पत्नी विवाद का मामला थाने में पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षो को बुलाकर सुलझाने का प्रयास किया लेकिन मामला अब तक अनसुलझा रहा। इस मामले में बक्सर बाजार समिति मोहल्ले की रहने वाली सरस्वती देवी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है। पीड़िता ने पुलिस के समक्ष बताया है कि उसकी शादी 19 अप्रैल 2019 को डुमरांव के खिरौली निवासी अमित सोनी के साथ हुई थी। शादी के बाद एक बेटी का जन्म हुआ लेकिन विवाद के कारण महिला ने ससुरालवालों के खिलाफ प्रताड़ित करने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले को बक्सर कुटुंब न्यायालय में भी दायर किया है। स्थानीय पुलिस की मानें तो दोनों पक्षो के बीच विवाद सुलझाने का प्रयास जारी है।

### पैसों के लेनदेन में मारपीट, एक जख्मी

**डुमरांव।** पैसों के लेनदेन के विवाद में एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित रोहतास के कोचस थाना स्थित गारा गांव का रहने वाला नीरज कुमार राय बताया जाता है। पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह कोरानसराय के शशिकांत सिंह, बक्सर के दीपक कुमार और डुमरांव के नीरज कुमार के साथ मिलकर एक निजी कंपनी चलाता था, जिसमें एक लाख 25 हजार की राशि की हेरफेर की गयी है। जब रुपयों की हिसाब-किताब की मांग किया तो पार्टनर ने गाली-गलौज करते हुए मेरी पिटाई कर दी। लोगों की मदद से मुझे अनुमंडल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

# रॉकेट की रफ्तार के आगे सभी हो गए धराशायी, अनंत सिंह का लाडला रहा रेस से दूर

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बाबा ब्रह्मेश्वर की नगरी ब्रह्मपुर में आयोजित फाल्गुनी पशु मेला में बुधवार को घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता हुई। इसमें बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के घुड़सवार अपने घोड़े के साथ शामिल हुए। हर कोई बस यही ख्वाहिश लिये यहां पहुंचा था कि उनका घोड़ा बाजी मार ले। इसके लिए सभी ने खूब पसीना बहाया था। हालांकि इस दौड़ में रॉकेट ने अपनी रफ्तार के आगे सभी को चारों खाने चित कर दिया। भोजपुर जिला के झौंवा गांव के मुखिया हरे राम सिंह का घोड़ा रॉकेट की दौड़ हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इसके घुड़सवार अनिल ने खूब दौड़ाया। इस जीत के साथ मेले के 2023 विजेता सील्ड पर मुखिया हरे राम सिंह ने कब्जा जमाया। वहीं मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह का घोड़ा लाडला इस रेस में शामिल नही हुआ।







प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रोहतास के रहनेवाले सिंकू मिश्रा का घोड़ा पवनसुत रहा। इसके घुड़सवार मनीष सिंह रहे। तृतीय स्थान पर बलिया के चितबड़ागांव के रहनेवाले आशीष सिंह लेखपाल का घोड़ा रहा। इसके घुड़सवार हरेराम रहे। वहीं चतुर्थ स्थान पर सिवान के रहनेवाले प्रवीण ठेकेदार का घोड़ा रहा। इसके घुड़सवार बीरेंद्र सिंह रहे। वहीं, इस आयोजन के बाद आठ दिनों तक चलने वाला ब्रह्मपुर का प्रसिद्ध फाल्गुनी मेला संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में कुल 40 घोड़ों ने हिस्सा लिया। जहां 5 ग्रुप में सेमीफाइनल मुकाबला कराया गया था। इस दौरान प्रत्येक ग्रुप से बेहतरीन चाल वाले दो घोड़ों को चुना गया। जहां फाइनल राउंड में 10 घोड़े शामिल हुए। जिसमें फस्ट सेकेंड और थर्ड आने वाले घोड़ों को विजेता और उप विजेता सील्ड देकर सम्मानित किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में ब्रम्हपुर विधायक शम्भू सिंह, डुमरांव विधायक अजित कुशवाहा और कांग्रेस के बिहार के प्रदेश प्रभारी अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

### चरित्रवन के आईटीआई परिसर में आयोजित मेले में 266 आवेदक आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित

# फीका रहा नियोजन मेला... कुल 800 पदों के लिए महज 726 लोगों ने किया आवेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के चरित्रवन के आईटीआई परिसर स्थित बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग एवं जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वावधान में संयुक्त श्रम भवन में बुधवार को एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मेला का आयोजन किया गया। इसमें 15 कंपनियों ने भाग लिया। वहीं नियोजन मेला में अपेक्षाकृत युवा बेरोजगारों की संख्या काफी कम रही। लगाये गये स्टॉल पर मायूसी रही। रोजगार मेले में कुल 726 युवाओं ने अपना आवेदन किया। जिसमें 266 आवेदकों का आगे की प्रक्रिया के लिए चयन किया गया। वहीं सरकार के तीन स्टॉल पर 103 बेरोजगार युवाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

बेरोजगारों की संख्या न के बराबर थी। केवल एसआईएस सेक्यूरिटी स्टॉल पर युवाओं की कुछ भीड दिखी। नियोजन मेला में ज्यादातर पहली बार नियोजन कराने के लिए युवा पहुंचे थे। जिन्होंने रोजगार के स्थल के अनुसार नियोजन कंपनियों को अपना आवेदन दिया था। मेला में कुल 18 स्टाल लगाए गए थे। रोजगार मेला केवल खानापूर्ति मात्र रहा। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। जिसकी उपयोगिता साबित नहीं होने के कारण रोजगार मेला से बेरोजगारों का मोह भंग हो रहा है। जिसके कारण बेरोजगार रोजगार मेला में निर्धारित रिक्ति के अनुसार नहीं पहुंच पाये। इस संबंध में नियोक्ता कंपनी प्रो इंटीग्रेटेड सर्विस लिमिटेड के प्रतिनिधि चंदन कुमार ने कहा कि पहले नियोजन मेला में कुछ युवाओं का चयन किया गया था। लेकिन दो चार दिन काम कर छोड दिये। कमोवेश स्थिति अन्य नियोक्ता संस्थानों की भी ऐसी ही बनी हुई है। वहीं ब्रह्मपुर प्रखंड के अकोढी से दोनों पैर के दिव्यांग रामजी पासवान ने बताया कि यहां आने से कोई फायदा नहीं है। पिछली बार भी आवेदन दिया गया था। जिसके बाद उन्हे कॉल किये जाने की जानकारी दी गई। वहीं एक बार फिर रजिस्ट्रेशन कराकर रोजगार मेला में शामिल हुए। उन्हें मेला में शामिल होने के लिए 50 किलोमीटर दूर से आना है। बहुत परेशानी होती है।



प्राप्त रिक्ति के अनुसार जय किसान एग्रो, एक्यूरेट वन इम्प्लायमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड, एसआईएस सेक्यूरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, कम्प्यूटर रिर्सोस प्राईवेट लिमिटेड, स्किल डेस्क, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील ट्रेनिंग सेंटर, राजराय सेक्यूरेक्स प्राइवेट लिमिटेड, स्वदेशी अमर फार्मा, नया भारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, इएफओएस, सविज हेल्थ केयर प्रा. लिमिटेड, एक्सिस ट्रेनिंग सेंटर, प्रो-इटीग्रेटेड सर्विस प्रा. लिमिटेड, आमधनी प्राइवेट लिमिटेड समेत अन्य कंपनियों के द्वारा 800 से अधिक पदों के लिए रिक्ति रही। इसमें महज 726 लोगों ने आवेदन किया। जिसमें 266 लोगों को आगे की प्रक्रिया के लिए चयन किया गया है।

## एक नजर

### डुमरांव के मुंगाव पंचायत में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का उद्घाटन



**बक्सर।** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका-सह-आयुक्त मनरेगा-सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान-सह-मिशन निदेशक जल जीवन हरियाली मिशन के द्वारा डुमराव प्रखंड के मुंगाव पंचायत में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का उद्घाटन किया गया। डुमराव प्रखंड के मुंगाव पंचायत में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का कुल लागत 16 लाख रूपया है। इस इकाई के संचालन के लिए एजेंसी के रूप में रुद्रांश इंटरप्राइजेज को चयनित किया गया है। जिसे आज प्रथम किश्त के रूप में 2 लाख 40 हजार का चेक दिया गया। चयनित एजेंसी को इकाई का देखरेख एवं चलाने की पूरी जिम्मेदारी होगी। इस इकाई में चार कर्मी प्रतिनियुक्त हैं। इस कचरा प्रबंधन इकाई से डुमराव प्रखंड के सभी पंचायतों का प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर (विभिन्न पंचायतों से प्राप्त कचरे में से प्लास्टिक को सिग्रिकेट करते हुए) कचरे का निस्तारण पर्यावरण के अनुकूल करते हुए प्राप्त उत्पाद को मार्केट से लिंक किया जाएगा। साथ ही मार्केट से लिंक करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को बिजनेस मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। अपने संबोधन में मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान-सह-आयुक्त मनरेगा जीविका दीदी एवं अन्य ग्रामीण लोगों से कहा के आप अपने कचड़े में से प्लास्टिक को अलग करते हुए निरंतर इस प्रोसेसिंग यूनिट पर लाएं जिससे पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो सके। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

### बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बक्सर आगमन पर भव्य स्वागत

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह व जिले के प्रभारी मंत्री आफाक आलम के साथ कई अन्य नेताओं व विधायकों का बक्सर आगमन होने पर जिले के ब्रह्मपुर के पास प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि डॉ. सत्येंद्र ओझा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने अंग वस्त्र व पुष्पमाला देकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ता व समर्थक अपने नेता के सम्मान में गगनभेदी नारे भी लगा रहे थे। जिससे माहौल पूरी तरह उत्साही हो गया था। मौके पर मौजूद बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के नेता आशुतोष त्रिपाठी ने भी कांगेसी नेताओं का माला पहनाकर स्वागत किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ सूबे के कई दिग्गज नेताओं व मंत्रियों के आगमन को लेकर कंग्रेसी नेताओं का जमावड़ा ब्रह्मपुर से सटे गरहथा व कुंडेश्वर गांव के पास लगा हुआ था। बारी-बारी से नेताओं का काफिला आता गया और कार्यकर्ता उन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत करते रहे। कुंडेश्वर गांव के पास कांगेस के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने दर्जनों गाड़ियों के काफिले व कार्यकताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, बक्सर के प्रभारी मंत्री आफाक आलम, बिहार सरकार में मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा, विधायक संतोष मिश्रा व विधायक आनंद शंकर सिंह के साथ कई अन्य नेताओं का स्वागत किया। मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय ओझा, जिला महासचिव रमेश राम, अविनाश त्रिपाठी, दीपक कुमार तिवारी, डॉ. श्रीधर तिवारी, वार्ड पार्षद संतोष उपाध्याय, नीलू राम, अजय यादव, संजीव तिवारी, पिंटू राय, नागा ठाकुर, सुनील कुमार, राजू श्रीवास्तव थे।

### बक्सर जिला में किसान सलाहकार पद पर चयन की प्रक्रिया शुरू

**बक्सर।** जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर से प्राप्त सूचनानुसार विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में बक्सर जिले में किसान सलाहकार पद पर चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि बक्सर जिले में किसान सलाहकार का कुल 16 पद रिक्त है। जिसमें अनारक्षित 07, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 01, पिछड़ा वर्ग 03, अनुसूचित जाति 03, पिछड़ा वर्ग महिला 02 शामिल है। जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि निर्धारित संख्या में रिक्त पदों पर चयन हेतु चयन प्रक्रिया को प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 416 दिनांक 01.09.2015 द्वारा अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दिया गया था। पुनः सचिव कृषि विभाग बिहार पटना के पत्रांक 466 दिनांक 29.11.2022 द्वारा किसान सलाहकार के चयन प्रक्रिया को जिस स्तर पर बंद किया गया था उसी स्तर से पुनः पूर्व के दिशा निर्देश के आलोक में शुरू करने का निर्देश प्राप्त है। इस निर्देश के आलोक में दिनांक 20 फरवरी 2023 को जिला पदाधिकारी बक्सर श्री अमन समीर की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की बैठक के निर्णयनुसार किसान सलाहकार पद हेतु आवेदक की मेघा सूची का प्रकाशन समाचार पत्र, जिला कृषि कार्यालय के सूचना पट्ट, विभागीय वेबसाइट, जिला के एनआईसी का वेबसाइट पर किया जा रहा है।

# शाहाबाद डीआईजी ने क्राइम कंट्रोल व लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में बुधवार को पहुंचे शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी नवीन चन्द्र झा ने सदर एसडीपीओ कार्यालय के कामकाज की समीक्षा की। कार्यालय में लगभग तीन घंटे तक समीक्षा करने के दौरान डीआईजी ने पुलिसिंग से संबंधित हर बिन्दुओं पर बारी-बारी से जानकारी ली और फाइलों को खंगालकर तहकीकात किया। उनके आगमन से पुलिस महकमे के अधिकारी पूरी तरह अलर्ट थे। डीआईजी के निरीक्षण के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। एसडीपीओ कार्यालय के कार्यों पर संतोष जाहिर करते हुए डीआईजी ने डीएसी गोरख राम को कई टास्क सौंपा।

क्राइम कंट्रोल के लिए डीआईजी ने विभिन्न तरह के टास्क दिए। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का निष्पादन करने को हिदायत देते हुए अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु छापेमारी की प्रक्रिया तेज करने को कहा। कुर्की व वारंट के निष्पादन की कार्रवाई हेतु अभियान चलाने व एक सप्ताह के अंदर सभी मामलों को निबटाने हेतु विशेष निर्देश दिया। जमीन से संबंधित विवादों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार सुलझाने की हिदायत देते हुए कहा कि पुलिसिंग कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में डीआईजी ने जिले में पुलिस दिवस पर चल रही गतिविधियों व कार्यक्रमों की समीक्षा की। पुलिस-पब्लिक मैत्री की अवधारणा को मजबूत करने की जिम्मेवारी सौंपा। मौके पर एसपी मनीष कुमार, सदर एसडीपीओ गोरख राम, डुमरांव एएसपी श्री राज व मुख्यालय डीएसपी अशफाक अंसारी भी मौजूद थे।

### मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण एक मार्च से

**बक्सर।** बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत मशरुम उत्पादक लघु उद्यमी विषय पर तीन सौ अस्सी घंटे का प्रशिक्षण देने की योजना है। यह प्रशिक्षण ई किसान भवन, बक्सर के परिसर में दिनांक 01 मार्च 2023 से शुरू होगा। इस बाबत जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि मशरुम उत्पादक लघु उद्यमी विषय पर प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए इच्छुक लोग सम्बंधित प्रखंड के बीटीएम अथवा एटीएम से संपर्क कर अपना आवेदन दिनांक 25 फरवरी 2023 तक उपलब्ध करा सकते हैं।

# पुलिस ने आमजनों को नियम और कानून का पढ़ाया पाठ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुलिस सप्ताह के तहत डुमरांव के नवानगर प्रखंड स्थित सभी थाना व ओपी पुलिस ने बुधवार को अपने-अपने क्षेत्र में बाइक रैली निकाली। रैली के माध्यम से गांवों में पहुंच पुलिस ने जनसहभागिता का कार्य करते हुए संवाद स्थापित किया। इस दौरान आमजनों को नियम व कानून का पाठ पढ़ा पुलिस व पब्लिक के बीच मैत्री संबंध स्थापित करने की दिशा में पहल की गई। इस दौरान आमजनों से प्राप्त शिकायत का निपटारा जल्द करने को पुलिस ने आश्वासन दिया।

इसके अलावा थानेदारों ने महिला हेल्प डेस्क की सुविधा प्रदान करने, साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता, अश्लील व जाति सूचक भोजपुरी गीत बजाने से दूर रहने की नसीहत, बाइक से सफर के दौरान हेलमेट का इस्तेमाल और शराबबंदी को पूर्णतः सफल बनाने में सहभागिता निभाने की अपील किया। कहा कि शराब पीने व बेचने वालों की सूचना देने वाले लोगों का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा।

### जीविका दीदियों द्वारा निर्मित सैनिटरी पैड उत्पादक इकाई का उद्घाटन जिलाधिकारी अमन समीर ने किया

# जिसकी रुपरेखा एक वर्ष पूर्व तैयार की गई वह आज फलीभूत हुई : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन बक्सर के सहयोग से बुधवार को एसजेवीएन के समन्वय से प्राप्त आवंटित राशि (30 लाख) एवं जीविका द्वारा आवंटित राशि (26.69 लाख) कुल राशि - 56.69 लाख की सहायता से आदर्श जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि०, बनारपुर, चौसा अंतर्गत गठित जननी जीविका महिला उत्पादक समूह के द्वारा जैविक सैनिटरी पैड उत्पादक इकाई का उद्घाटन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका-सह-आयुक्त मनरेगा-सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान-सह-मिशन निदेशक जल जीवन हरियाली मिशन के द्वारा किया गया।



तत्पश्चात मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका-सह-आयुक्त मनरेगा-सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान-सह-मिशन निदेशक जल जीवन हरियाली मिशन के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों, पार्टनर एजेंसी के प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों एवं किशोरियों के साथ जैविक सैनिटरी पैड का अनावरण, गुणवत्ता एवं विपणन रणनीति पर परिचर्चा की गई।

जिसका मुख्य उद्देश्य जीविका समूह/उनके परिवार के किशोरियों/दीदियों के साथ-साथ अन्य महिलायों तक सुगमतापूर्वक, बाजार से कम लागत में जैविक सैनिटरी पैड उपलब्ध कराना है। जिससे गाँव की सभी महिलाओ सुगम रूप से जैविक सैनिटरी पैड की मांग को पूरा किया जा सके, उपयोग के महत्त्व को समझ पायें, साथ ही साथ अपने स्वास्थ्य की सही देख भाल कर पायें। इस कार्य से जीविका दीदियों को जहाँ एक ओर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं दूसरी ओर उनके स्वास्थ्य पर भी साकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

जीविका दीदियों द्वारा निर्मित इस सैनिटरी पैड की खासियत यह है कि यह प्राकृतिक सामग्री से बना है क्लोरीन मुक्त, रसायन मुक्त और पूरी तरह से कंपोस्टेबल, पर्यावरण के अनुकूल, बीआईएस मानक के अनुसार है। साथ ही त्वचा पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी बक्सर अमन समीर ने कहा कि जिसकी रुपरेखा एक वर्ष पूर्व तैयार की गई वह आज फलीभूत हुई है। इसे जन-जन तक पहुँचाने और उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही मीडिया बंधुओं से इसके संबंध में अधिक से अधिक प्रचारित करने का अनुरोध किया गया। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका द्वारा बताया गया कि चौसा प्रखंड अंतर्गत सैनिटरी पैड इकाई बिहार का प्रथम जैविक सैनिटरी उत्पादक इकाई है। विभिन्न विभागों यथा - स्वास्थ्य, शिक्षा, कळऊ इत्यादि संस्थानों से अपील की गयी कि इन संस्थानों का दायरा बड़ा है और यह जिम्मेवारी है कि इस विषय पर खुल कर चर्चा की जाय और जीविका दीदी द्वारा निर्मित मायरा सैनिटरी पैड से अवगत करते हुए इसे व्यवहार में लायें। मायरा उत्पाद की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर, सिविल सर्जन बक्सर, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस बक्सर मौजूद थे।

## एक नजर

### जनपद के किसानों का हक नहीं मिला तो, एआईएमआईएम आंदोलन करेगी: शमीम खान



**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बलिया में चल रही भारी अनियमितता व शोषण के विरुद्ध ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि बलिया और बलिया वासियों छलने का काम सभी दलों ने किया। चाहे वह समाजवादी हो, कांग्रेस हो, बहुजन समाज पार्टी हो या वर्तमान की भाजपा सरकार हो ये इनके चलन में है। विकास का पहिया बलिया आने से पहले ही ठहर जाता है। जनता की लंबी लड़ाई के बाद एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बन रहा है उसमें भी सरकारी विभाग के कर्मचारियों द्वारा भारी पैमाने पर शोषण धांधली व किसानों का अपमान किया जा रहा है। जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली ईमानदार सरकार कहां सोई है, अगर शोषण उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो हमारी पार्टी बड़े पैमाने पर जन आंदोलन चलाएगी और इंसाफ मिलने तक हम चुप नहीं बैठेंगे। मौके पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद जिला, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख महासचिव महताब आलम जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को जिला राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि इस पुस्तकालय का जीर्णोद्धार करा कर बेहतर से बेहतर बनाया जाए। किताबों के लिए जो 2.5 लाख का बजट है, उससे यहां प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पर्याप्त मात्रा में किताबें रखी जाए। ये सभी काम 10 दिन में हो जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभ्युदय योजना अंतर्गत एनडीए, सिविल सर्विस के अलावा नीट, इंजीनियरिंग जैसी तैयारी कराई जाए। इस योजनान्तर्गत पढ़ने वाले छात्रों के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि टाउन हॉल में इसकी कक्षाएं चलेगी। वर्तमान में टाउन इंटर कॉलेज में चल रही कक्षा में 102 पंजीकृत छात्र हैं। इसके बाद रामलीला मैदान में भूमिगत पार्किंग की पहल को देखते हुए अधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर विचार विमर्श किया।

### उद्घाटन मैच के साथ क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज



**बलिया।** क्षेत्र के नारायनपाली गांव में आयोजित मां कामाख्या क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच चांदपुर व एकवारी गांव के मध्य खेला गया।चांदपुर की टीम ने टॉस जीतकर सर्वप्रथम बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए चांदपुर की टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 80 रन का लक्ष्य प्रतिद्वंद्वी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एकवारी टीम के खिलाड़ियों ने सभी विकेट खोकर महज 40रन बनाकर सिमट गई।इस प्रकार चांदपुर की टीम 40 रनों से विजयी रही।मैच के पूर्व भाजपा नेत्री प्रियंका दुबे ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व पहली गेंद खेलकर मैच का शुभारंभ किया।मैच में कमेंटेटर के रूप में पंकज पांडेय, अंचल यादव रहे। वहीं कमेंटेटर बंटी पांडेय व अनुराग उपाध्याय तथा स्कोरर बिट्टू खरवार, नन्दन यादव रहे। आयोजक मन्नू, अमित, लालबाबू, मुन्ना व कौशल रहे।

### फाइलेरिया मुक्त कार्यक्रम की दी गई जानकारी



**बलिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना, श्री मुरली मनोहर टाउन स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सप्त दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने व्यायाम किया तत्पश्चात पूरे विद्यालय की सफाई का कार्य किया। स्वयंसेवक एवं सेविकाएं टोली बनाकर जीराबस्ती गांव मे गए तथा वहां पर स्थित शिव मंदिर एवं अन्य मंदिरों की साफ सफाई का कार्य किया। बुधवार को हुए बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सुनील कुमार यादव थे। उन्होंने शिविरार्थियों को भारत सरकार के जागरूकता कार्यक्रम- फाइलेरिया मुक्त बलिया के कार्यक्रम से परिचय कराया। साथ ही, उन्हें फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा खिलवाई। बौद्धिक सत्र के दूसरे वक्ता टीडी कॉलेज में समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार रहे। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार यादव एवं उनके सहयोगी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल सिंह, डॉ. शिवनारायण यादव, डॉ. राजीव शुक्ला, डॉ. अवनीश पांडेय, अमित सिन्हा, डॉ. दुर्गा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मनाया गया शहीद विशंभर सिंह का शहादत दिवस



**गाजीपुर।** मंगलवार को जनपद के युवराजपुर में शहीद स्थल पर शहीद विशंभर सिंह का 32वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद स्थल युवराजपुर स्थित शहीद विशम्भर सिह की प्रतिमा पर सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक कैलाश सिह ने दीप प्रज्वलन कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात वरिष्ठ समाजवादी नेता विजय प्रताप सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने उदबोधन में यह बताया कि केंद्रीय रिजर्व बल के उपाधीक्षक पद पर कार्यरत रहते हुए पंजाब के तरनतारन जिले में आतंकवादियों से मुठभेड़ लेते हुए शहीद हो गए। कर्मचारी नेता लक्ष्मण सिंह ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताया कि इनके पराक्रम को देखते हुए राष्ट्रपति ने मरणोपरांत पुलिस पदक से इनको सम्मानित किया। डॉ. शम्मी कुमार सिंह ने बताया कि तरनतारन में सन 1991 में विशम्भर सिंह ने अपनी कंपनी का नेतृत्व करते हुए 20 लाख के इनामी आतंकवाद को तरन तारन के अजियान गाव में मुठभेड़ में मार गिराते हुए शहीद होकर शहीदी धरती गाजीपुर के शहादत सूची में अपना नाम स्वर्णाक्षरों से दर्ज कराया। मौके पर बब्बन सिह, विकास सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वय टप्पू यादव और मनोज चौधरी, विशम्भर निषाद, अंकित सिह, अमन, पुनीत, राजेश, भाली सहित सैकडों ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी।

# अच्छी खबर: सभी प्रखंडों में तिथिवार आयोजित होगा रोजगार मेला

केटी न्यूज/गाजीपुर



जिला रोजगार सहायता अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निर्देश पर जनपद के सातों विधानसभा जखनियां, सैदपुर, जहूराबाद, मोहम्मदाबाद, जमानिया, जंगीपुर और गाजीपुर सदर में अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर कॉउंसलिंग के आयोजन के लिए उक्त विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले विकास खंडों के परिसर में तिथि एवं कार्यक्रम स्थल निर्धारित की गई है, जो कि कमशः ब्लॉक परिसर जखनियां में 25 फरवरी, सैदपुर 27 फरवरी, कासिमाबाद 28 फरवरी, मोहम्मदाबाद 01 मार्च, जमानियं 02 मार्च, मरदह 03 मार्च एवं राजकीय आईटीआई परिसर तुलसीपुर गाजीपुर 21 मार्च में रोजगार मेला एवं कॅरियर-कॉउंसलिंग का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न कम्पनियां व नियोजक प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी कम्पनियों में मुख्य रूप से एलएनटी कान्सट्रक्शन बैंगलूरू, होली हर्ब्स वाराणसी, टीडीएस ग्रुप चण्डीगढ, पीपल-टी ऑनलाइन मिजार्पुर, रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा.लि. रौजा गाजीपुर, जी-4 एस. सुरक्षा गार्ड, वीएसडी टायर एण्ड ट्यूब सर्विस आदि द्वारा गार्ड, वर्कर, फिल्ड आफिसर, कल्स्टर सेल्स ट्रेनर, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स आफिसर आदि पदों पर चयन किया जाएगा।

भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेंटर (SIIC), वाराणसी की टीम द्वारा दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब आदि देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, एसी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर आदि जॉब रोल्स की मांग है। ऐसे इच्छुक उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता 10वीं पास एवं आईटीआई या डिप्लोमा धारित हैं एवं संबंधित जॉब रोल्स में तीन से पांच वर्ष का अनुभव तथा 21 से 35 वर्ष की आयु है, वे प्री-काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरान्त आवेदन करेंगे।

पासपोर्ट धारित उम्मीदवार को आवेदन में वरीयता दी जाएगी। नियोजक व कम्पनियों द्वारा अपने रिक्तियों संबंधी समस्त विवरण विभागीय वेबसाइट पोर्टल- sewayojan.up.nic.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीयन कराकर इच्छुक कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार उक्त सेवायोजन पोर्टल पर अपना आवेदन कर उपरोक्त ब्लाकवार मेले में प्रातः 10.30 बजे समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों/छाया प्रति के साथ एवं कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में कोई मार्ग व्यय देय

### बजट में पिछले वर्ष से कम धनराशि ली गई: राम गोविंद

**बलिया।** यूपी सरकार की बजट पेश पर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व सपा के कद्दावर नेता राम गोविंद चौधरी ने पत्र जारी कर वर्तमान बजट 2023–24 जनता को छलने वाला, दिवा स्वप्न दिखाने वाला वास्तविक विकास से कोसों दूर रहने वाला बताया है।वहीं नई योजनाओं में पिछले वर्ष से 6449.14 करोड़ कम धनराशि ली गई। लखनऊ से जारी पत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद ने जिक्र किया है कि सरकार सबसे बड़ा बजट पेश करने का ढिंढोरा पीट रही है।जबकि अगर वर्तमान मंहगाई को देखा जाए तो यह शून्य बढ़ोतरी का साबित होगा। भाजपा सरकार आंकड़ों के हिसाब से अगर महंगाई दर सिर्फ 6.5% को घटाकर देखे तो केवल 5.64 प्रतिशत बजट पिछले साल से बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया है। नई योजनाओं में पिछले वर्ष से 6449.14 करोड़ कम धनराशि ली गई है। इससे लगता है कि सरकार के पास नई योजनाएं नहीं है। भाजपा सरकार वर्ष 2022–23 के बजट का लगभग 50% धन खर्च कर पाई थी। कुछ मदों का पैसा तो विभागों को दिया ही नहीं गया। सरकार धन खर्च करने में या तो बनियागिरी दिखाती है या उसका तंत्र फेल हो जाता है। सरकार स्वच्छता अभियान का ढिंढोरा पिटती है और सफाई कर्मियों की मौत व उनके परिजनों को दी जाने वाली धनराशि विभाग को ही नहीं गई। संतों, पुजारियों, पुरोहितों के कल्याण बोर्ड का गठन तक नहीं किया जा सका है। इस बजट से किसान, युवा, बेरोजगार, श्रमिक, लघु उद्यमियों, व्यापारियों, अधिवक्ता व छात्रों विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवार को कोई राहत मिलने वाली नहीं है।

### सिविल बार व क्रिमिनल बार के वकीलों ने तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

# बोले अधिवक्ता... बागी बलिया की धरती से फूंका गया बिगुल कर देगा सबकी बत्ती गुल

केटी न्यूज/बलिया

ग्राम न्यायालयों को सभी तहसीलों में भेजे जाने के विरोध में क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन तथा दी सिविल बार एसोसिएशन के वकीलों ने मंगलवार को संयुक्त बैठक कर कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था। जिसके क्रम में सिविल बार तथा क्रिमिनल बार के वकीलों ने अलग-अलग कोर्ट के गेट पर तालाबंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने प्रदेश सरकार व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

अधिवक्ताओं ने कहा बागी बलिया की धरती से फूंका गया बिगुल हर किसी की बत्ती गुल कर देता है। इस दौरान वकीलों ने कहा कि प्रदेश सरकार व हाईकोर्ट की मनमानी किसी भी हालत में हम लोग चलने नहीं देंगे। सूबे की सरकार ग्राम न्यायालय के नाम पर गांव के गरीब व गुरबत में जीवन यापन करने वाले लोगों को परेशान करने के लिए ग्राम न्यायालयों का गठन कर रही है। जबकि वास्तव में ग्राम न्यायालय हर गांव में खुले तो माना जाएगा कि सरकार गांव के गरीबों की सच्ची हितैषी है। संयुक्त बार एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को सुबह 4:00 खुलने से पहले ही क्रिमिनल बाहर के वकील व कार्यकारिणी के पदाधिकारी मुख्य गेटों पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान



कोर्ट के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

- वकीलों ने कहा- नहीं चलने देंगे सरकार व हाईकोर्ट की मनमानी

वकीलों ने दो नंबर एक नंबर गेट पर तालाबंदी कर अपना विरोध जताया।

मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने झांकी प्रदेश सरकार हमेशा वकीलों को दो धड़े में बांटने का कार्य किया है। जहां एक तरफ अधिवक्ता न्याय के लिए आजीवन संघर्ष करता है वही सरकार तहसील व जिला मुख्यालय के वकीलों को अलग-अलग बांट करके अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। जबकि इससे न तो तहसील के अधिवक्ताओं को फायदा है न तो जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं को कोई लाभ होने वाला है। इस मौके पर सिविल बार के महासचिव कुबेर नाथ पांडेय, महासचिव अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, प्रदीप कुमार गुप्ता, उमाशंकर तिवारी, धीरज ठाकुर, विवेकानंद पाण्डेय, अनिलेश पाठक, श्री शंकर राम फौजदार, दयाशंकर तिवारी, सुभाष चंद श्रीवास्तव, मनोज राय हंस, सत्य प्रकाश यादव, अखिलेश सिंह, डॉ निर्भय नारायण सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता देवेंद्र नाथ मिश्रा, देवेंद्र कुमार दुबे तथा संचालन कुबेर नाथ पाण्डेय व अनिल मिश्रा ने किया।

### कोर्ट के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर पूर्व की भांति करेंगे धरना प्रदर्शन

वहीं परिवार न्यायालय पर सिविल बार के वकीलों ने परिवार न्यायालय के गेट पर तालाबंदी किया इस दौरान क्रिमिनल बार के सभागार में सिविल व क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बैठक की जिसमें वकीलों ने निर्णय लिया कि गुरुवार व शुक्रवार को भी वकील 10:00 बजे से पहले आकर कोर्ट के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर पूर्व की भांति धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान किसी भी कोर्ट में न्यायिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा। क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए के चलते तहसील स्तर पर न्यायालयों को स्थानांतरित किया जा रहा है। लेकिन शासन की मंशा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तहसीलों पर न्यायालय भेजकर और ग्राम न्यायालय की संज्ञा दी जा रही है। जो गांव के गरीब व वादकारियों के साथ पूरी तरह से छलावा है। जिसे हम अधिवक्ता किसी तरह से बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे लेगा मूर्त रूप, 2022 में मिली थी हरी झंडी

केटी न्यूज/बलिया

नगर के लिए महत्वाकांक्षी परियोजना ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का सपना अब जल्द ही साकार रूप लेगा। ऐसे तो परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस परियोजना को मई, 2022 में ही हरी झंडी दे दी थी, लेकिन जमीन के अधिग्रहण आदि की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 27 फरवरी को इसका शिलान्यास होने जा रहा है।

यह जनपद के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। जिले में आए दिन लगने वाले जाम आदि की समस्या को देखते हुए यहां लंबे समय से रिंग रोड व लिंक एक्सप्रेस-वे की मांग उठ रही थी। इसे लेकर पिछली



सरकारों में घोषणाएं भी हुईं, पर यह मूर्त रूप नहीं ले सका। ऐसे में यहां विधानसभा चुनाव के पूर्व नगर विधायक व परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने भी इसकी घोषणा की थी। चुनाव जीतने के बाद मंत्री ने इसका प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजने के साथ ही प्रदेश सरकार के सौ दिन के कार्ययोजना में भी इसे शामिल करा दिया था। इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर के प्रस्ताव को मई 2022 में ही हरी झंडी देते हुए इससे संबंधित पत्र भेज दिया था। इसके बाद से ही एनएचआई व अन्य विभाग तैयारी में लग गए। ऐसे में जमीन आदि के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 27 फरवरी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इसका शिलान्यास करने जनपद में आ रहे हैं। इस सौगात के मिलने से पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है। इसे लेकर परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के साथ ही एक और रिंग रोड का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा और ये भी जल्द धरातल पर दिखेगा।

### मजदूर की दुर्घटना में हुई मौत, कोहराम

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौलीकला गांव निवासी जटाधारी पाल मजदूरी करने प्रतिदिन गाजीपुर जाता था और देर रात काम समाप्त होने पर वह घर वापस लौटता था। उसी मजदूरी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। इसी क्रम में मंगलवार को भी गाजीपुर गया था। राजमिस्त्री के साथ सुहवल में पूरे दिन काम समाप्त कर आटो से वापस लौटते समय गाजीपुर घाट रेलवे स्टेशन के पास आटो अनियंत्रित हो पलट गया। सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रही पिकअप ने रौंद दिया। घायल जटाधारी पाल को आस-पास के लोगों ने एम्बुलेन्स के सहारे जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जटाधारी पाल पुत्र चन्द्र देव पाल- 46 ने अपने पिछे तीन पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। मौत की सूचना पर पत्नी मुनिया देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। परिजन मृतक के पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर पंहुच गए हैं।

### मुख्तार के बेटों की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज, मकान होगा ध्वस्त

**मऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी के दोनों बेटों विधायक अब्बास अंसारी व उमर अंसारी की तरफ से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मऊनाथ भंजन स्थित मुख्तार अंसारी के बेटों की मकान को अवैध बताते हुए गिराने की नोटिस दी गई थी। हाईकोर्ट ने ध्वस्तीकरण के खिलाफ इनकी याचिका को खारिज कर दिया तथा कहा कि उन्हें रेगुलेशन आफ बिल्डिंग कानून की धारा के अंतर्गत प्रेस्क्राइब अथॉरिटी के आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने का अधिकार है।

यह आदेश जस्टिस सुनीता अग्रवाल व जस्टिस नंदप्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने विधायक अब्बास अंसारी व उमर अंसारी की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश से मुख्तार अंसारी के बेटों अब्बास अंसारी और उमर अंसारी को बड़ा झटका लगा है। याचिका के विरोध में मुख्य स्थाई अधिवक्ता विनीत पांडेय का कहना था कि मुख्तार के दोनों बेटों ने बिना नक्शा पास कराए दो मंजिला भवन खड़ा कर लिया है। मजिस्ट्रेट ने आरओबी एक्ट के तहत निर्माण को अवैध बताते हुए उसे गिराने की नोटिस जारी किया था। अब्बास अंसारी और उमर अंसारी ने इस नोटिस को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस बीच अब्बास अंसारी ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ को कंपाउंडिंग के लिए अर्जी दी थी। लेकिन मजिस्ट्रेट ने कंपाउंडिंग के बजाय ध्वस्तीकरण आदेश पारित कर दिया था।हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर इस ध्वस्तीकरण आदेश को चुनौती दी गई थी। आरोप है कि जिस जमीन पर मकान बना है उसका नक्शा सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत नहीं कराया गया है। कोर्ट ने याचिका पर हस्तक्षेप से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने अब्बास व उमर अंसारी को ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ अपील में जाने की छूट दी है।

### सहकारिता रत्न से विभूषित स्व. राजकुमार त्रिपाठी की मूर्ति का हुआ अनावरण

## सहकारिता के शिखर पुरुष थे पंडित राजकुमार त्रिपाठी: मनोज सिन्हा

केटी न्यूज/गाजीपुर

सहकारिता आंदोलन के शिखर पुरुष रहे स्व. राजकुमार त्रिपाठी के मोहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत जिला सहकारी बैंक परिसर में मूर्ति अनावरण के बाद बुधवार को स्व. राजकुमार त्रिपाठी स्मृति सहकारिता गोष्ठी को संबोधित करते हुए जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का स्वर्ण काल चल रहा है। पं. राजकुमार त्रिपाठी सहकारिता के शिखर पुरुष थे तथा उनका सोच बहुआयामी तो था, गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत में सहकारिता के आमूल चूल परिवर्तन हो रहा है। साथ ही सहकारी बैंकों को भी जीवन मिल रहा है।





जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को अपरान मोहम्मदाबाद जिला सहकारी बैंक परिसर में स्थापित सहकारिता रत्न से विभूषित व अध्यापक रहे स्व. राजकुमार त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर किया। प्रतिमा अनावरण के समय आचार्य अभिषेक तिवारी ने मंत्रोचार कर पंडित राजकुमार त्रिपाठी के प्रतिमा का पूजन कराया।

मौके पर मनोज सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का स्वर्ण युग चल रहा है। भारत सरकार जिला सहकारी बैंक को कम साक्षरता के सभी प्रतिष्ठानों को निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ा रही है। इसी के लिए भारत सरकार द्वारा अलग से सहकारिता मंत्रालय का भी गठन किया गया है जिसके मंत्री स्वयं गृह मंत्री अमित शाह है। उन्होंने कहा कि बालापुर पैक्स से शुरूआत कर सहकारिता को निरंतर आगे बढ़ाते हुए और इफको के निदेशक तक पहुंचे स्व. राजकुमार त्रिपाठी से प्रेरणा लेकर बहुत से लोग सहकारी आंदोलन में कूद पड़े तथा भारत में सहकारिता आंदोलन को गति मिली। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति की शुरूआत ठीक उसी समय हुई। जिसमें स्व. त्रिपाठी सहकारिता के माध्यम से नए बीज तथा किसानों को प्रगतिशील करने में सहायता प्रदान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में कल ही उन्होंने 260 करोड़ रुपए सहकारिता के क्षेत्र के लिए आवंटित किए हैं तथा वर्तमान समय में प्रत्येक दिन जम्मू कश्मीर में तीन सहकारी संस्थान खुल रहे हैं। शंकर कोल्ड स्टोरेज परिसर में आयोजित सरगी राजकुमार त्रिपाठी, स्मृति संगोष्ठी में निदेशक विजय शंकर राय, इसको निदेशक शीशपाल सिंह इको के विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी वीरेंद्र राय, कृष्ण बिहारी राय व अन्य शामिल रहे।